हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026

06 स्मार्ट मीटर के विरोध में वार्ड 14-15 के लोगों का...





09 सच्चाई के नजदीक पहुंचना ही न्याय है, निर्णय देने में किसी भी...





## समाचार संक्षेप

### मेंटेनेंस कार्य के चलते आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित



**गुना** । प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही नानाखेड़ी सबस्टेशन से निकलने वाली 11 केव्ही लाईनों का मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 08 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक गोपालपुरा, एमपी नगर, नानाखेडी, यादव रॉयल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगतसिंह कॉलोनी, सामरसिगा होटल, वी.आई.पी कॉलोनी, न्यूसिटी कॉलोनी, दलवी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नानाखेडी मंडी दीनदयाल नगर, सिसौदिया कॉलोनी वाले क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

### ग्राम परेबा में मोबाईल कोर्ट के माध्यम से किया सार्वजनिक कुएं की समस्या का निराकरण



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में 'मोबाईल कोर्ट' के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मक्सूदनगढ़ अंतर्गत ग्राम परेबा निवासी आवेदक बद्रीलाल पुत्र मलतू राम धाकड़ के आवेदन का निराकरण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मोबाइल कोर्ट के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के तहत एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में मौके पर जांच की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम परेबा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 342/1 पर एक कुआँ बना हुआ है, जो ग्राम के आंतरिक सार्वजनिक रास्ते के समीप स्थित है, जिस पर तार फेंसिंग पाई गई। प्रकरण का निराकरण करते हुए उक्त तार फेंसिंग को हटाया गया, जिससे ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ0 उदय सिंह, नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील तथा शंकर सिंह पटेलिया, पटवारी भूपेन्द्र सिंह लोधा तथा कोटवार की टीम उपस्थित थी।

### महिला पतंजलि योगपीठ का तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का गुना में प्रारंभ



**गुना।** पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति गुना द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का प्रारंभ ,श्री महाराणा प्रताप पार्क में साध्वी देवादिति जी के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि *तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इसमें साध्वी जी ने यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, प्राणायाम कपालभाती प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, उज्जाई प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, उदगीत प्राणायाम प्रणव प्राणायाम के साथ-साथ कुछ विशेष आसनों का भी अभ्यास करवाया और इसमें काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही हम फाउंडेशन समिति की महिलाओं ने साध्वी जी का शाल श्रीफल से स्वागत किया कल रविवार हैसमिति के राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी ने बताया कि निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर तीन दिवसीय है अधिक से अधिक संख्या में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लें कल के दिन के लिए जो आसन विशेष बताएंगे उसमें कमर दर्द के अभ्यास घुटनों आदि के अभ्यास और एक्यूप्रेशर के बिंदु के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी तो सभी गुना वासी शिविर में अवश्य पधारे।

# रोमांचक सेमीफाइनल के बाद लखनऊ और रेलवे विलासपुर पहुंचे फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

38वीं ऑल इंडिया शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में हॉकी हॉस्टल लखनऊ ने पेनल्टी शूटआउट में हॉकी हॉस्टल विलासपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में रेलवे हॉकी हॉस्टल विलासपुर ने मेजबान गुना को 4-1 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।



**फाइनल मैच आज**



### पहला सेमीफाइनलः पेनल्टी शूटआउट में लखनऊ विजयी

पहला सेमीफाइनल हॉकी हॉस्टल विलासपुर और हॉकी हॉस्टल लखनऊ के बीच खेला गया।

मुकाबले की शुरुआत में लखनऊ ने पहला गोल दागकर बढ़त बनाई, इसके बाद दूसरा गोल कर स्कोर 2–0 किया। विलासपुर ने संघर्ष करते हुए एक गोल कर वापसी की, लेकिन लखनऊ ने तीसरा गोल कर बढ़त फिर मजबूत कर ली। इसके बाद विलासपुर ने शानदार खेल दिखाते हुए पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया और फिर लगातार दो गोल दागकर मुकाबले को 3–3 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद मैच पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां लखनऊ ने 3–2 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

### दूसरा सेमीफाइनलः रेलवे विलासपुर का दबदबा

दूसरा सेमीफाइनल मेजबान हॉकी संघ गुना और रेलवे हॉकी हॉस्टल विलासपुर के बीच खेला गया। रेलवे विलासपुर ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहला गोल किया और पेनल्टी कॉर्नर से दूसरा गोल दागा। गुना को मिले कई पेनल्टी कॉर्नर अवसरों का लाभ नहीं मिल सका।रेलवे विलासपुर ने तीसरा और चौथा गोल कर मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया।

गुना की ओर से एकमात्र गोल किया गया, लेकिन वह हार टालने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। अंततः रेलवे हॉकी हॉस्टल विलासपुर ने 4–1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मुकाबले की तैयारीअब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हॉकी हॉस्टल लखनऊ और रेलवे हॉकी हॉस्टल विलासपुर के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## बहन के जन्मदिन की पार्टी के लिए समोसा लेने जा रहा था युवक

# सड़क हादसे में हुई युवक की मौत पुरानी रंजिश में कुल्हाड़ी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना/राघौगढ़






जिले के विजयपुर थाना इलाके में बीती रात एक ऐसी हृदय विदारक दुर्घटना घटी जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्घटना के बाद से जिस घर में कुछ देर पहले बहन के जन्मदिन का जश्न मनाया जा रहा था, वहां अब भी चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा हुआ है। यह स्थिति रेलवे कर्मचारी संतोष परिहार के बेटे तनिष्क की बीती रात दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण बनी है।

वहीं जिले की आरोन तहसील में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति पर घर में घुसकर हमला किया गया है। मामला यह है कि एनएफएल टाउनशिप में रहने वाले रेलवे कर्मचारी संतोष परिहार बेटी का शुक्रवार को जन्मदिन था। जिस पर से घर में उत्सव का माहौल था और मेहमानों के लिए नाश्ते की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान पिता ने 18 वर्षीय तनिष्क को समोसे लेने के लिए पालिका बाजार भेजा था। इसी बीच पैदल जा रहे तनिष्क को रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि तनिष्क गंभीर रूप से घायल हो गया। इस आशय कीजानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल तनिष्क को तुरंत एनएफएल चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उपचार करने से मना कर दिया। जिस पर से परिजन आनन फानन में उसे गुना के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन जब तक तनिष्क को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिस पर डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टि जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आज सुबह मृतक का शव पोस्ट मार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया है। इस दौरान जिला चिकित्सालय में मौजूद परिजनों ने एनएफएल अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में देरी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। नतीजा इस दुर्घटना के बाद जिस घर में पार्टी चल रही थी, वहां अब मातम का मंजर है। माता-पिता और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। एक लापरवाह वाहन चालक की तेजी ने एक मासूम की जान ले ली और एक परिवार का चिराग हमेशा के लिए बुझा दिया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि फिलहाल तक युवक को तेज रफ्तार में टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन को तलाशी तक पूरी नहीं हो पाई है। उधर जिले की आरोन तहसील में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक व्यक्ति पर घर में घुसकर हमला किया गया। पीड़ित मोनू रघुवंशी पुत्र हरवीर सिंह रघुवंशी मौखिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मोनू रघुवंशी ने बताया कि 6 फरवरी की रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर था। तभी वीरेंद्र रघुवंशी निवासी खजूरी अपने दोनों बेटों और दामाद के साथ कुल्हाड़ी, लाठी और डंडे लेकर उसके घर के बाहर पहुंचा।

आरोपियों ने पुरानी रंजिश के कारण घर के बाहर खड़े होकर मोनू को गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी घर के अंदर घुस आए। इसके बाद सभी ने कुल्हाड़ी से हमला किया जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोट आई। शोर सुनकर परिजनों व पड़ोसियों के आने पर आरोपी भाग गए।

## पगारा में प्रगतिशील गुलाब खेती से रूबरू हुए छात्र, देसी गुलाब बना किसानों की आय का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



शासकीय माध्यमिक विद्यालय आवन के छात्र–छात्राओं ने ग्राम पगारा में प्रगतिशील गुलाब उत्पादक किसान प्रीतम सिंह लोधा के खेत का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री लोधा ने विद्यार्थियों को देसी गुलाब की खेती की उन्नत तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया, लागत–लाभ तथा गुलाब के औषधीय, सुगंधित एवं व्यावसायिक उपयोगों की विस्तृत जानकारी दी।श्री प्रीतम सिंह लोधा द्वारा अपने खेत में देसी गुलाब के पौधों का रोपण कर प्रति एकड़ लगभग 4.5 से 5 लाख रुपये तक का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया जा रहा है, जो क्षेत्र के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।उल्लेखनीय है कि विगत सप्ताह जिले के कलेक्टर किशोर कन्याल ने स्वयं ग्राम पगारा स्थित लोधा के खेत पर पहुंचकर गुलाब की खेती का अवलोकन किया था। कलेक्टर के इस भ्रमण के बाद गुलाब की खेती को देखने एवं इससे जुड़ी जानकारी लेने वालों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय आवन के छात्र–छात्राओं ने भी खेत का भ्रमण कर प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में कृषि के प्रति रुचि विकसित करते हैं तथा उन्हें आधुनिक, लाभकारी और नवाचार आधारित खेती से जोड़ते हैं। विद्यार्थियों ने भी देसी गुलाब की खेती को भविष्य में स्वरोजगार और उद्यमिता का एक प्रभावी माध्यम बताया।यह भ्रमण कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि क्षेत्र के किसानों एवं युवाओं के लिए भी यह संदेश देता है कि वैज्ञानिक पद्धति से की गई फूलों की खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकती है।

## आरडीसी परेड, दिल्ली 2026 से लौटने पर कैडेट राहुल का गुना में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

35 वीं वाहनी एनसीसी शिवपुरी की एनसीसी इकाई डी - कम्पनी गुना के सीनियर कैडेट राहुल अहिवार का आर डी परेड 2026 मे सहभागिता के बाद गुना लौटने पर ढोल नागाड़ो के साथ हुआ भव्य स्वागत किया गया। जिसमें सबसे पहले गुना रेलवे स्टेशन महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया श्री बलबीर सिंह, आशीष बंटी, सीनियर अंडर ऑफिसर सुरक्षा यादव, अंडर ऑफिसर स्पर्श मुदगल अंडर ऑफिसर विकास धाकड़, सर्जेंट साजिया खान सहित गुना जिले के अन्य एनसीसी के कैडिटो ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

इसके साथ ही गुना रेलवे स्टेशन से महाविद्यालय तक जुलुस निकाला जहाँ पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर बीके तिवारी एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ ने कैडेट राहुल का माल्यार्पण एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया

महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया ने बताया कि कैडेट राहुल ने इस हेतु अक्टूबर से लगातार मेहनत की है और 35 वाहनी का प्रतिनिधित्व किया है। कैडेट की इस उपलब्धि पर 35 बटालियन शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह दहिया एडम अधिकारी एन रेड्डी एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह अन्य पी आई स्टॉफ, सिविल स्टाफ ने बधाइयां एवं शुभकामनायें दी।

पीजी कॉलेज गुना के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि किसी संस्था ने 3 साल से लगातार डी कंपनी एनसीसी गुना के कैडेट्स आरडीसी परेड दिल्ली में सहभागिता कर हेडट्रिक लगाई है, 2023-24 में दो कैडेट्स हर्ष प्रताप सिंह सिकरवार एवं प्रखर नामदेव,2024 -25 में 3 कैडेट्स स्पर्श मुदगल, श्याम मीणा और विकास धाकड़ ने सहभागिता की थी इस साल 2025 -26 मे राहुल ने यह परंपरा कायम रखी है ।

कैडेट की उपलब्धि पर परिवार सदस्य गुना जिले के समस्त एन सी सी अधिकारी फर्स्ट सेकंड ऑफिसर संजय झा,सेकंड ऑफिसर लाल कृष्ण शर्मा, थर्ड ऑफिसर सुरेन्द्र प्रजापति पूर्व एनसीसी अधिकारी यशवंत शर्मा सहित जिले के समस्त एनसीसी कैडेट्स महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने बधाइयाँ एवं शुभकामनाये ज्ञापित की।

## हनुमान टेकरी मंदिर विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण प्लान पर की गई विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को हनुमान टेकरी पहुंचकर प्रस्तावित टेकरी मंदिर विकास कार्य योजना का स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व आर्किटेक्ट से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित निर्माण कार्यों एवं सुविधाओं के लेआउट को मौके पर समझते हुए विकास कार्यों को चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर आर्किटेक्ट संतोष सिंह ने हनुमान टेकरी क्षेत्र के लिए तैयार समग्र विकास प्लान का प्रेजेंटेशन देते हुए विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने तैयार बुकलेट के माध्यम से हनुमान चौक, सारथी चौक, आकर्षक फाउंटेन, प्रसाद दीर्घा, लिफ्ट सिस्टम, परिक्रमा प्लाजा, परिक्रमा मार्ग तथा पार्किंग एरिया सहित विभिन्न सुविधाओं का लेआउट समझाया। साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने, टेकरी क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और समग्र धार्मिक वातावरण को बेहतर बनाने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि हनुमान टेकरी क्षेत्र जिले की आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यहां होने वाले विकास कार्यों में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही यातायात, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं को भी समुचित रूप से योजनाबद्ध किया जाए, ताकि यह स्थल सुविधाजनक, सुरक्षित और आकर्षक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो सके।

## नजूल कॉलोनी पार्क में पौधरोपण, देशभक्ति गीत, नशा मुक्ति शपथ व जनभागीदारी ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

# प्रदेश के साथ देश भर में हो गुना के गुलाब की महक, यही हमारा उद्देश्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मुख्य आतिथ्य में गुना शहर की नजूल कॉलोनी स्थित पार्क में आज पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय रहवासियों के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति एवं जनभागीदारी का प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय बच्चों द्वारा आकर्षक बैंड प्रस्तुति से हुई, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। इसी दौरान एक बालक द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया और सभी ने भावुक होकर तालियों से उसका उत्साहवर्धन किया।पौधारोपण उपरांत कलेक्टर श्री कन्याल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुना तेजी से "गुलाबों के शहर" के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में गुना के गुलाब की महक पहुंचे, यही हमारा उद्देश्य है। गुलाब प्रेम और खुशहाली का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक घर में, चाहे गमले में ही क्यों न हो, एक गुलाब का पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि शिक्षित युवा किसान पॉलीहाउस तकनीक के माध्यम से गुलाब की खेती कर एक एकड़ भूमि से लगभग 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा लगाए गए गुलाब सहित अन्य पौधों की देखभाल को लेकर वार्डवासियों ने सामूहिक रूप से जिम्मेदारी ली। स्थानीय नागरिकों ने आश्वासन दिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल वे स्वयं करेंगे, ताकि पार्क हरियाली और स्वच्छता का आदर्श उदाहरण बन सके।

पार्क परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों वाले पोस्टर भी लगाए गए, जिनकी कलेक्टर श्री कन्याल ने सराहना की और इसे जनजागरूकता की अच्छी पहल बताते हुए सबको नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीएमओ मंजुषा खत्री, उप संचालक उद्यान शके.पी.एस. किरार सहित वार्डवासी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## केंट थाना पुलिस ने की दोहरी कार्यवाही, दो वारंटी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत केंट थाना पुलिस ने दोहरी कार्यवाही करते हुए एक स्थाई वारंटी एवं एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेक बाउंस प्रकरण के स्थाई वारंटी अरविन्द पुराणिक तथा मारपीट प्रकरण के गिरफ्तारी वारंटी शिवा बाल्मीक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 503/24 धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत आरोपी अरविन्द पुत्र गजानन पुराणिक निवासी भार्गव कालोनी गुना, न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार चल रहा था । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में स्थाई वारंट जारी किया गया था । इसी प्रकार माननीय न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 2328/20 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि में आरोपी शिवा पुत्र पप्पू बाल्मीक निवासी गोकुल सिंह का चक गुना, भी न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार चल रहा था । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था ।

सकतपुर स्कूल में केंट थाना पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

## विद्यार्थियों को साइबर अपराधों, लैंगिक अपराधों आदि एवं यातायात नियमों की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में लगातार जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजित कर आमजन, विद्यार्थियों, युवाओं आदि को साइबर अपराधों, लैंगिक अपराधों, यातायात नियमों एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 06 फरवरी को केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के निर्देशानुसार पर उपनिरीक्षक अरूंधति राजावत एवं महिला आरक्षक तेजस्विता जादोन द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सकतपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों, लैंगिक अपराधों, गुड-वेड टच, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइवर अपराधों के तरीकों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक शेयरिंग, बैंक धोखाधड़ी आदि साइबर अपराधों के संबंध में समझाया गया तथा इनसे बचाव के उपाय बताए गए एवं बताया गया कि किसी भी अंजान कॉल, संदेश अथवा लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, OTP या बैंक विवरण साझा न करें। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार का सायबर अपराध अथवा अन्य अपराध घटित होता है तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाने शिकायत दर्ज कराएं अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं अन्य अपराध घटित होने की स्थिति में डायल 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही की जा सके। गुना पुलिस द्वारा किए जा रहे ऐसे जागरुकता कार्यक्रम समाज में कानून के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

## तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का गुना में प्रारंभ

**गुना।** पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में महिला पतंजलि योग समिति गुना द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का प्रारंभ ,श्री महाराणा प्रताप पार्क में साध्वी देवादिति जी के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इसमें साध्वी जी ने यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, प्राणायाम कपालभाती प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, उज्जाई प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, उदगीत प्राणायाम प्रणव प्राणायाम के साथ-साथ कुछ विशेष आसनों का भी अभ्यास करवाया और इसमें काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही हम फाउंडेशन समिति की महिलाओं ने साध्वी जी का शाल श्रीफल से स्वागत किया कल रविवार हैसमिति के राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी ने बताया कि निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर तीन दिवसीय है अधिक से अधिक संख्या में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लें कल के दिन के लिए जो आसन विशेष बताएंगे उसमें कमर दर्द के अभ्यास घुटनों आदि के अभ्यास और एक्यूप्रेशर के बिंदु के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी तो सभी गुना वासी शिविर में अवश्य पधारे।

विद्युत मंडल व तहसील में सौंपा ज्ञापन

# स्मार्ट मीटर के विरोध में वार्ड 14-15 के लोगों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

अयोध्या बस्ती के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

पार्षद अजुद्दी बाई एवं पार्षद धर्मेंद्र बुनकर के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने एकजुट होकर विद्युत मंडल कार्यालय में आवेदन दिया तथा एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर बिना पूर्व सूचना के लगाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में असमंजस और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि मीटर लगाने से पहले किसी प्रकार की जानकारी या सहमति नहीं ली गई, जबकि ठेकेदार और संबंधित कर्मचारी सीधे घरों पर पहुंचकर मीटर लगाने का दबाव बना रहे हैं।इसी विरोध को लेकर महिलाओं और पुरुषों ने तहसील परिसर पहुंचकर सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि जब तक स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट जानकारी और सहमति नहीं बनती, तब तक इन्हें जबरन न लगाया जाए।वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर कुछ लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि कोई मीटर लगवाने से मना करता है तो उसके साथ अभद्र व्यवहार और धमकी दी जाती है।इस संबंध में वार्ड 14 और 15 के नागरिकों ने आरोन थाने में भी आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मीटर नहीं लगवाने पर गाली-गलौज और धमकी दी जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।प्रदर्शन के दौरान पार्षद धर्मेंद्र बुनकर और अजुद्दी बाई ने प्रशासन से मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पारदर्शी और जनसहमति से की जाए तथा ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। साथ ही, आम नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार की धमकी या दुर्व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई की जाए।वार्ड के महिलाओं और पुरुषों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए, तो आगे भी आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा

## करीब एक लाख रुपए मूल्य के 1 हजार लीटर लहान का नष्टीकरण

■ पुलिस, राजस्व और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा जिले में नशे पर अंकुश लगाये जाने हेतु विभिन्न नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त नशा माफियाओं, तस्करों, कारोबारियों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। निर्देशानुसार गुना पुलिस द्वारा जिले में नशा माफियाओं पर एक अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। पुलिस, राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा द्वारा जिले के कुंभराज थानांतर्गत भमावद चौकी क्षेत्र में कंजर डेरों पर दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कुम्भराज थानांतर्गत भमावद चौकी क्षेत्र में कंजर डेरों पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब निर्माण किये जाने की प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 06 फरवरी 2026 को पुलिस, राजस्व एवं आबकारी



विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कंजर डेरों पर दबिश दी गई। इस दौरान दबिश की भनक लगते ही शराब माफिया वहां से फरार हो गए। किंतु इस दौरान टीम द्वारा डेरों के आसपास सघन सर्चिंग करने पर जंगली झाडियों में छिपाकर ड्रमों में शराब बनाने के लिये तैयार किया गया करीबन 1,000 लीटर लहान बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 01 लाख रूपये है। बरामद लहान का मौके पर ही विधिवत नष्टीकरण किया गया। साथ ही अवैध शराब निर्माण में उपयोगी अन्य सामग्रियों भट्टी, हौज आदि को भी नष्ट किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध इस कार्यवाही में एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, कुम्भराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी, आबकारी अधिकारी दीपक करोटिया, पुलिस लाईन से उपनिरीक्षक मेहमूद नवी खांन, उपनिरीक्षक फास्तुनिस किरकिट्टा, भमावद चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौर, मृगवास थाने से सउनि अजीत कुजूर सहित पुलिस, राजस्व एवं आबकारी विभाग की टीमों की सराहनीय भूमिका रही है।

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट के बारे में विस्तार से किया मार्गदर्शन प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शासकीय महाविद्यालय आरोन जिला गुना में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना द्वारा प्राचार्य प्रो. ए. के. मुद्गल के मार्गदर्शन एवं प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता के निर्देशन में दिनांक 06 फरवरी को सेफर इंटरनेट डे मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ कौसर जहां ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर छात्राओं ने साइबर सुरक्षा एवं इंटरनेट के सही उपयोग पर जागरूकता पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र मोनू साहू, भूमेश ग्वाल, विकास धाकड़ आदि विद्यार्थियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित कार्यशाला का भी सफलता पूर्वक आयोजन किया जिसमें अधिक संख्या में विद्यार्थियों में भागीदारी कर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं डिजीटल साक्षरता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।



# डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक द्वारा चलाया जा रहा दंत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक द्वारा निरंतर दंत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क स्कूल दंत स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत सेंट मेरी स्कूल, दौराना, शासकीय हाई स्कूल दौरानाइससे पूर्व शासकीय स्कूल रामनगर ओर ज्ञानदीप स्कूल राघौगढ़ सहित विभिन्न विद्यालयों में दंत परीक्षण, ओरल हाइजीन जागरूकता एवं तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को सही ब्रश करने की विधि, दांतों की नियमित जांच एवं संतुलित आहार के महत्व के बारे में समझाया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों द्वारा डॉक्टरों का स्वागत किया गया। समापन अवसर पर सेंट मेरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर साउल टोप्पो को ओरल हाइजीन जागरूकता में विशेष सहयोग हेतु सम्मानित किया गया।इस अभियान का संचालन डॉ. साहिब सलीम एवं डॉ. रिया जैन द्वारा किया गया।इमरान खान भारत मेडिकल, राघौगढ़ द्वारा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में चमन विश्वकर्मा एवं अभिषेक कोरिया का विशेष सहयोग रहा।आगामी दंत स्वास्थ्य कैंप जय ज्योति स्कूल, जेपी कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय एवं सत्य साईं स्कूल में आयोजित किए जाएंगे।"बचपन की मुस्कान, देश की शान – स्वस्थ दांत, सुंदर मुस्कान"संदेश के साथ डी वी एस एडवांस डेंटल क्लिनिक राघौगढ़ द्वारा समाज में बेहतर दंत स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



72 श्रद्धालुओं ने किया 7776 पार्थिव शिवलिंग निर्माण

# श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिव नवरात्रि महोत्सव व शिव विवाह का आयोजन प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शनिवार से श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि महोत्सव, शिव विवाह के आयोजन के साथ मनाया जा रहा है। यह 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक शिव विवाह होकर पूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि आज से पार्थिव शिवलिंग निर्माण 72 श्रद्धालुओं ने किया।जिनकी संख्या 7776 हुई। उस समय छोटे महाराज महेंद्र मिश्रा ने शुद्ध मिट्टी को गंगाजल डालकर पवित्र किया और पांच उपचार पूजन दूध दही घी शहद शक्कर से पंचामृत बनाकर किया गया।

पुजारी किशन लाल मिश्रा ने विधिवत पुरुष सूक्त से भोले बाबा का अभिषेक किया। यहां पर 9 दिन तक यह कार्यक्रम रहेगा। शिवपुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि सप्त ऋषियों द्वारा बर पक्ष से कन्या पक्ष की अनुमति ली थी, उसी तरह से यहां पर विवाह की अनुमति दी गई। जो कि राजा हिमाचल का कार्य कर रहे डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी के तरफ से इस विवाह की स्वीकृति दी गई,कि पार्वती और भोलेनाथ का विवाह संबंध पक्का है। हिंदू धर्म लोक अनुसार कन्या पक्ष से दिनांक 8 फरवरी को पीली पत्रिका भी आवेगी। और सभी को एकत्रित करके पत्रिका का वाचन पुजारी के द्वारा किया जाएगा। इस बीच महिलाओं ने शिव निर्माण पात्रों का सातिया बनाकर सामूहिक महाआरती की गई। एवं भोले बाबा के भजन गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।



## कचनार पुलिस ने अवैध मसाला शराब की 07 पेटियां व एक बाईक दो आरोपियों से की बरामद

**अशोकनगर।** थाना कचनार द्वारा अवैध शराव के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध मशाला शराब की 07 पेटीया मय मोटर सायकिल सहित जप्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना कचनार अंतर्गत 7 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकिल पर काफी मात्रा में अवैध देशी शराब लिये करीला रोड़ से राजपुर तरफ आ रहे हैं। सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कचनार पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। मोटर सायकिल सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा जो मोटर सायकिल में बीच में प्लास्टिक के दो बोरियों में अवैध शराब रखे मिले जिन्हे रोका और चैक किया तो खाकी रंग के पुट्ठे की 07 पेटियों में अवैध शराब रखे मिले। दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम सोहित पुत्र बब्लू यादव निवासी ग्राम सोनाखेड़ी थाना मुंगावली एवं जितेन्द्र पुत्र पप्पू रजक निवासी डोंगरा थाना सेहराई का होना बताया जिनके कब्जे से बिना नंबर की काली प्लेटिना मोटर सायकिल एवं 07 खाकी रंग की पुट्ठे की पेटियों में कुल 350 क्वार्टर देशी मंदिरा मसाला के कुल किमती 72000/- रू. को विधिवत जप्त की गई है।

# पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

**शाढ़ौरा।** पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल शाढ़ौरा में पिछले तीन दिनों से चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य समापन शनिवार को एक विशाल समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जजपाल सिंह उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में भाजपा वरिष्ठ नेता विजय सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला मंडी अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, बाल संरक्षण आयोग के जिला अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, मध्यप्रदेश पतंजलि किसान संघ के प्रांतीय प्रभारी महेंद्र यादव, गौ संवर्धन प्रकोष्ठ अशोकनगर से अरविंद सिंह रघुवंशी (अधिवक्ता), शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी एवं शिवप्रताप सिंह रघुवंशी सरपंच सेमरी शाहबाद सहित शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर एवं विद्यालय का लोगो भेंट कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में छात्राओं



ने कत्थक एवं भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत रैंप वॉक ने पूरे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पिछले पाँच वर्षों की कक्षा 10वीं की टॉपर छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही तीन दिनों तक आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने अपने आशीर्वचनों में छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिओम शर्मा एवं मोनिका मिश्रा तथा विद्यालय की छात्राएं अनामिका यादव एवं निराली रघुवंशी द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य रामबली सिंह रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 तक की छात्राओं के पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा की जिला बैठक में ग्रामीण रोजगार को लेकर दी जानकारी



**अशोकनगर।** भाजपा द्वारा शनिवार को पर्यटन नगरी चंदेरी की होटल कुंज में जिला बैठक का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट के अंतर्गत जन जागरण अभियान के उपलक्ष में जिला बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण एक्ट) के अन्तर्गत जनजागरण अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं द्वारा अधिनियम के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के सभी गांवों,गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वी.बी. जी राम जी अधिनियम 2025 को लागू किया गया है। हर हाथ को काम मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है।

# बैंकर्स की जिला सलाहकार समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत ऋण प्रकरण हेतु बैंकों को जो लक्ष्य प्राप्त हुए है, प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कर शत प्रतिशत ऋण वितरण की कार्यवाही करें।

उन्होंने विभिन्न हितग्राही मूलक स्वीकृत व लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व अनिवार्य रूप से अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषकों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत कर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विमुक्त,घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु वर्ग के कल्याण के लिए स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत कराकर उन्हें स्वरोजगार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन अंतर्गत प्रोजेक्ट का चयन कर ऋण स्वीकृत किये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग की गतिविधियों के अंतर्गत निर्धारित गाईडलाईन अनुसार प्रकरण स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत बकरी पालन तथा विद्यासागर पशुपालन के तहत ऋण प्रकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य समितियों के प्रकरण स्वीकृत किये जाने के निर्देश बैंकर्स को दिए।

### संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2026-27 का हुआ विमोचन




बैठक में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड द्वारा जिले की संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2026-27 पुस्तिका का विमोचन कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम एवं डेयरी एवं मत्स्य केसीसी की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्व सहायता समूहों के नए खाते खोलने/क्रेडिट लिंकेज की प्रगति की समीक्षा,पीएम स्वनिधि योजना,मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,भगवान बिरसा मुंडा योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना,संत रविदास स्वरोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, प्रबंधक लीड बैंक राजीव राय,जिला विकास प्रबंधक मानिक मिश्रा, बैंकर्स एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणेश कॉलोनी में नाली जाम होने के कारण जलभराव की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में जहां जहां भी नालियों के कारण जल भराव की समस्या पैदा हो रही है, वहां नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया संबंधित वार्ड पार्षद के साथ मौके पर पहुंच रहे हैं। ऐसी ही एक शिकायत वार्ड क्रमांक 08 गणेश कॉलोनी में नाली जाम को लेकर आई थी। इस तरह शिकायत मिलने के बाद नपा अध्यक्ष वार्ड पार्षद के साथ मौके पर पहुंचे और वहां नाली जाम होने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया को सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने तत्काल संज्ञान में लिया। उनके निर्देश पर नगर पालिका का अमला तुरंत मौके पर पहुँचा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। निर्देशानुसार कल से ही नाली सफाई एवं नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। त्वरित कार्रवाई को देखकर मोहल्ले के नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### आज व कल होगा विद्युत प्रदाय कई क्षेत्रों में बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक ने बताया कि केन्द्र सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत फीडर पर क्षमता वृद्धि का कार्य किया जा रहा है जिसे लेकर 8 फरवरी को 33/11 केव्ही अशोकनगर उपकेन्द्र से निकलने वाली लाईनों से स्थानीय विदिशा रोड़ फीडर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विधुत प्रदाय बाधित रहेगा। जिसके अंतर्गत नगरपालिका मार्ग, पूजा डेयरी, बोहरे कॉलोनी, आजाद मोहल्ला, पुराना बस स्टेण्ड आदि क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी प्रकार 9 फरवरी को क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विधुत प्रदाय प्रभावित रहेगा।

### मारपीट के घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी बुंदेल सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लालजी राम, रणवीर, कप्तान और अपीसा बाई गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कृपान सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुंदेल सिंह और अनीता बाई गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी प्रार्थना रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति कमल सिंह रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी जानकी बाई पत्नि राहुल लोधी उम्र 22 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतिका के पति की सूचना पर से पुलिस ने पंचनामा बनाकर मृतिका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### 16 वर्षीय किशोरी ने दे दी फांसी लगाकर जान

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय विदिशा रोड से शिवपुरी पब्लिक स्कूल को जाने वाले मार्ग पर निवासरत 16 वर्षीय किशोरी मोना पुत्री सुख चन्द रजक ने फांसी लगाकर अपने ही घर में खुदकुशी कर ली। परिवार जनों ने शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### महिला बंदियों को गर्म कपड़े ब्राह्मण समाज महिलाओं ने बांटे




**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा जिला जेल जाकर महिला बंदियो को गर्म कपड़े व स्वल्पाहार करवाया गया। जेल में उपस्थित महिला पुलिस कर्मी को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि गलतियां तो सभी से होती हैं उन गलतियों को सुधारा भी जा सकता है और वर्तमान में ईश्वर की भक्ति करके हम अपना भविष्य अच्छा सवार सकते हैं। मार्गदर्शिका साधना शर्मा, डॉक्टर रजनी शुक्ला और राखी तिवारी द्वारा भी महिला कैदियों को ऊर्जा व शक्ति से भरी हुई समझाइश दी गई।

### छात्राओं ने आयुष्मान नर्सिंग होम की व्यवस्थाए देखीं

**अशोकनगर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर की कक्षा 9 की लगभग 30 से 35 छात्राओं ने विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में हेल्थ केयर शिक्षक नीरज साहू के साथ आयुष्मान नर्सिंग होम का औद्योगिक भ्रमण किया। जिसमें वहां उपस्थित अतुल श्रीवास्तव ने ईसीजी तक सीपीआर से संबंधित जानकारी के बारे में विस्तार से समझाया, छात्राएं काफी उत्साहित थी। ज्ञात रहे कि विद्यालय में नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस संचालित हो रहा हैं।

---

### पक्षकार, वकील का अन्नदाता होता है उसका सम्मान करना चाहिए: न्यायमूर्ति अहलुवालिया

# सच्चाई के नजदीक पहुंचना ही न्याय है, निर्णय देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ग्वालियर उच्च न्यायालय के न्याय मूति जीएस अहलुवालिया ने अशोकनगर में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अभिभाषकों और पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चाई के नजदीक पहुंचना ही न्याय है, निर्णय देने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए, इसी प्रकार पक्षकार, वकील का अन्नदाता होता है उसका सम्मान करना चाहिए।

न्यायाधिपति न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया अशोकनगर में अभिभाषक विभोर कुमार साहू की लिखित पुस्तक ज्युडिशियल एक्सपॉजीशन ऑफ सर्विस लॉ के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने न्याय व्यवस्था पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जब वे इस पेशे में आए तो उनके सीनियर ने जो उन्हें शिक्षा दी कि पक्षकार वकील का अन्नदाता होता है, जिसका सदैव सम्मान करना चाहिए।






#### वकील को मुकद लड़ने में अपनी पूरी ताकत झौंक देना चाहिए

उन्होंने कहा कि पक्षकार किसी भी परिस्थिति में एक रुपया दे अथवा दस हजार या एक लाख रुपये, जो उसकी हैसियत होती है, वह देता है, अगर ज्यादा फीस नहीं दी तो लापरवाही कर अन्याय नहीं होना चाहिए। वकील के पास जितनी नॉलेज हो वह मुकदमे में झोंक देना चाहिए। न्यायमूर्ति अहलूवालिया ने कहा कि पक्षकार उसका प्रकरण जीते अथवा न जीते ये उसके भाग्य पर होता है, पर वकील को विश्वास की सीढ़ी कभी नहीं तोडना चाहिए, अगर सीढ़ी कमजोर होगी तो सीढ़ी पर चढने वाला गिरेगा और कोसेगा।



#### जो वास्तविक सच्चाई होती है वही न्याय होता है

इसी प्रकार न्यायमूर्ति अहलूवालिया ने न्यायाधीशों को भी मार्ग दर्शन देते हुए कहा कि जो वास्तविक सच्चाई होती है, वही न्याय होता है, न्यायाधीश के समक्ष कोई विटनेस नहीं होता, पर साक्ष्य और गवाहों के आधार पर सच्चाई ढूंढना चाहिए, हर ट्रायल पर पक्षकार नही होता न्यायाधीश होते हैं, दिन को दिन होने की सच्चाई होना चाहिए न कि रात। उन्होंने कहा कि हमसे ऊपर भी परमपिता परमात्मा है, उसके रजिस्टर में सब कुछ एंट्री होती है।

#### वरिष्ठ अभिभाषक हुए सम्मानित

इस अवसर पर जिले के पांच वरिष्ठ अभिभाषकों को इस आयोजन में न्यायमूर्ति द्वारा सम्मानित किया गया। जिन अभिभाषको ने 80 वर्ष से अधिक आयु पूरी कर चुके हैं, उनमें बाबूलाल यादव, विमल कुमार कोटिया, कमल सिंह रघुवंशी, ओमप्रकाश चैधरी, बुंदेल सिंह यादव को न्यायमूर्ति अहलूवालिया द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरविन्द सक्सैना पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर, सतीश चन्द्र शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पवन शर्मा सेवा निवृत जिला न्यायाधीश, साकेत मालवीय कलेक्टर, राजीव मिश्रा पुलिस अधीक्षक एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू मंचासीन उपस्थित थे।

---

**ऑनलाईन पोर्टल से 24 क्विटंल माल अधिक मिला**

## वेयर हाउस का भौतिक सत्यापन करने मुंगावली और चंदेरी के प्रबंधक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा अशोकनगर मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपरेशन के भौतिक सत्यापन को लेकर जिले के मुंगावली और चंदेरी में पदस्थ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया था। यहां 1 से लेकर 9 नबंर तक की गोदामों की जांच की गई। ऑनलाईन पोर्टल के अनुसार माल भौतिक रूप से बराबर मिलना चाहिए था। किन्तु 1 नंबर की गोदाम में 24 क्विंटल माल अधिक होना पाया गया है। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को की गई जांच से अवगत कराया गया है।

अशोकनगर मुख्यालय पर वेयरहाउस के 9 गोदाम हैं इन सभी गोदामों में व्यापारी और किसानों का माल रखा जाता है जिसका एक पोर्टल भी है उस पोर्टल पर माल के स्टॉक की जानकारी प्रदान की जाती है। उस जानकारी के आधार पर वेयर हाउस के अंदर जो माल स्टॉक में रखा है उन दोनों में समानता होना चाहिए। इसी की जांच पड़ताल और भौतिक सत्यापन को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष वर्मा ग्वालियर द्वारा मुंगावली में पदस्थ हेमराज किरार और चन्देरी में पदस्थ योगेश नायक को भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई थी। इन दोनों ही अधिकारियों द्वारा 4 और 5 फरवरी को इन वेयर हाउस की गोदामों का भौतिक सत्यापन किया गया था। इस सत्यापन के बाद सभी 9 गोदामों का परीक्षण किया गया।




जब इस संबंध में स्थानीय प्रबधंक उदय सिंह राजपूत से चर्चा की गई तो उन्होंने किसी तरह की जानकारी होने से इन्कार कर दिया, जबकि इसी जांच दल में मुंगावली से आए हेमराज किरार ने बताया कि ऑनलाईन पोर्टल में जो स्टॉक दिखाया जा रहा है वह स्टॉक मौके पर है या नहीं कम तो नहीं है अधिक तो नहीं है इसकी जांच पड़ताल के लिए भौतिक सत्यापन के रूप में क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा हमें भेजा गया था। दो दिन हमारे द्वारा इसका भौतिक सत्यापन किया गया, सभी 9 गोदामों का सत्यापन किया गया है जिसमें गोदाम क्रमांक 1 में हमें 24 बोरी अनाज अधिक मिला है। जबकि ऑनलाईन पोर्टल के आधार पर भौतिक रूप से भी रिकार्ड बराबर मिलना चाहिए था। यह 24 बोरी माल कहां से आया यह पता नहीं चला है।



### अशोकनगर नगर पालिका का बकाया वसूली अभियान तेज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु वार्डों में प्रतिदिन टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। यह टीमें घर-घर जाकर बकायादार उपभोक्ताओं से संपर्क कर बकाया राशि जमा कराने की अपील कर रही हैं। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है, उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नगर क्षेत्र में पाए जा रहे अवैध नल कनेक्शनों को भी काटा जा रहा है। सीएमओ विनोद उन्नीतान द्वारा लगातार उक्त कार्य की समीक्षा की जा रही है एवं बताया कि यह अभियान राजस्व बढ़ाने एवं नगर की जल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस दौरान जमा न करने वाले तीन लोगों के नल कनेक्शन अब तक नपा द्वारा काटे जा चुके हैं नागरिकों से अपील की वे असुविधा से बचने के लिए शीघ्र अपने बकाया कर एवं जलकर जमा करें।

---

लाड़ली बहना योजना का असर ग्रामीण अंचलों में दिखा

## 100 महिलाओं ने 85 हजार रुपए जोड़े, करवा रही हैं भागवत कथा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में मुंगावली तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चिरोली की लाडली बहनाओं के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित की जा रही लाडली बहना राशि में से योगदान राशि प्रदान कर ग्राम चिरौली में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है, लाडली बहनों के इस सद्प्रयास को सभी ग्राम वासियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया है।

ग्राम पंचायत चिरौली के सचिव गोविंद सिंह कुशवाह ने बताया है कि, लगभग 100 लाडली बहनों के द्वारा 85000 रुपयो की राशि एकत्रित की गई है, जो ग्राम चिरौली की लाडली बहनाओं के द्वारा एक अनूठी पहल है, जिसे जितना भी सराहा जाए उतना कम है, ग्राम पंचायत में इस अनूठी पहल से उत्सव का माहौल हो गया है, सभी ग्रामवासी उत्साह के साथ श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन कर रहे हैं, इस प्रकार के नवाचार समाज में नई चेतना का उदय करते हैं, जो की वर्तमान युग में बहुत आवश्यक है। इस प्रकार लाडली बहनाओं के द्वारा सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जगाने के लिए शासन द्वारा प्राप्त धनराशि का जो सदुपयोग किया जा रहा है वह बहुत अनुकरणीय है।

क्योंकि आमतौर पर लाडली बहनाओं को प्राप्त धनराशि का उपयोग या तो वे अपने निजी कार्य में करती हैं या उनके घर उपयोग के लिए वह राशि काम आती है, परंतु ग्राम चिरौली में लाडली बहनाओं ने एक अच्छा नवाचार प्रस्तुत किया है जो अनुकरणीय भी है और सराहनीय भी, अशोकनगर की लाडली बहनाओं के द्वारा किए गए। ग्राम चिरौली की लाडली बहनाओं को इस कार्य के लिए बधाई दी है। ग्राम चिरौली में श्री हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में यह श्रीमद् भागवत जी कथा हो रही है, जिसका वाचन कथा व्यास पंडित शांति कुमार मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी पंडित चंद्र कुमार मिश्रा ने यह बताया है कि, लाडली बहनों के द्वारा जन जागृति एवं आध्यात्मिक चेतना के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, इस प्रकार के नवाचार यदि मध्य प्रदेश में सभी जगह हो तो, शासन के द्वारा जो धनराशि प्राप्त हो रही है, उसका सदुपयोग, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक चेतना में जब होगा तो समाज एवं व्यवस्था में में व्यापक परिवर्तन आने की संभावना प्रबल होगी।

---

## सांदीपनि विद्यालय कैंपस 2 में सीनियर को जूनियर छात्रों ने विदाई दी

**अशोकनगर।** कक्षा 6 व 7 के छात्र, छात्राओं द्वारा कक्षा 8 के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी के पूजन से की गई। विदाई पार्टी में छात्र/छात्रा काफी भावुक नजर आये। इसके बाद विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिन किया गया जिसमें छात्रों ने नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता, कहानी आदि कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद ऐसे छात्र जो विद्यालय परिवार में सालभर नियमित उपस्थित अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में अब्बल रहते है. उनको प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार दिये इसमें कक्षा 5की छात्रा शिवानीविश्वकर्मा को नियमित उपस्थित का प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया। एवं बहुत से छात्रों को प्रणाम पत्र प्रदान किये ओर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की प्रधानाध्यापिका महोदया रेखा विश्वकर्मा, मनोज कुशवाह, संजय विश्वकर्मा, मनीष जैन,राजकुमार विश्वकर्मा, सुलेखा विश्वकर्मा और नितिन राय तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



### हजारेश्वर मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ एवं भंडारे का 8 से 12 फरवरी तक किया जाएगा आयोजन

**अशोकनगर।** शहर के हजारेश्वर मंदिर में भगवान की प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 8 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। 8 फरवरी को कलश यात्रा 11 बजे से निकाली जाएगी, और 9 फरवरी से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। पुरानी गढ़ी स्थित माधव भवन के समीप यह भोलेनाथ का दरवार है यहां हजार मुखी शिवलिंग है इस मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार किया गया है। जिसे लेकर यह प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 9 फरवरी से 11 फरवरी तक प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन होगा और 12 फरवरी को पूर्णाहुती और विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इस संपूर्ण आयोजन के यज्ञाचार्य पंडित जगदीश शर्मा होगें।


---

**भगवान को मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य गजरथ महोत्सव आयोजन**

# बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, आयोजन स्थल की 7 बार परिक्रमा लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मोक्ष कल्याणक दिवस खुशियों के साथ मनाया गया, इस मौके पर विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ किया गया। दोपहर 2 बजे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी से गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मोक्ष प्राप्ति के बाद भगवान गजरथ पर सवार होकर निकले, इस गजरथ की फेरी में मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज भी ससंघ शामिल हुए।





**मोक्ष कल्याणक पर अर्ग समर्पित हुए, महायज्ञ का आयोजन हुआ** भगवान के पांच कल्याणक के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति का दिवस था जिसे मोक्ष कल्याणक के रूप में मनाया गया। प्रतिदिन के होने वाले कार्यक्रमों के साथ मोक्ष कल्याणक दिवस की पूजा की गई, अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। यहां मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन हुआ, इसी के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया है। यह महोत्सव कचनार कस्बे में जंगल में मंगल की भावना को चरितार्थ कर गया।

**जैन धर्म में मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य** जैन धर्म मे मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य है, जिसका अर्थ है सभी भौतिक कर्मों से पूरी तरह मुक्त हो जाना और जन्म मरण के चक्र से सदा के लिए निकल जाना। जिससे आत्मा अपने शुद्ध और शक्तिशाली स्वरूप मे सिद्ध शिला पर विराजमान हो जाती है जो कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के द्वारा प्राप्त होता है। मोक्ष आत्मा की वह अवस्था है जब वह सभी 8 प्रकार के कर्मों से मुक्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति के बाद जीव फिर कभी जन्म नहीं लेता, मोक्ष के लिए सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्चा आचरण हमें सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरिच से प्राप्त होता है। मोक्ष कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण क्रियाएं आयोजित हुईं। मुनिश्री की मंगल देशना के माध्यम से मोक्ष कल्याणक का महत्व बताया गया।





**गजरथ की फेरी आर्कषण का केन्द्र रही** दोपहर 2 बजे पंच कल्याणक के सबसे विशेष दिन कहे जाने वाले गजरथ महोत्सव के मौके पर अशोकनगर के साथ पड़ौसी गुना, जिले के कईं हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गजरथ की इस फेरी वाले आयोजन में भाग लिया। इस आयोजन में हाथी पर विराजमान होकर श्रीजी निकले, इस रथ को दो हाथी खींच रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से इन हाथियों को जंजीरों से बांधकर निकाला गया। इस गजरथ के फेरी में दो रथों में श्रीजी निकले। इन रथों में भी पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों को बैठने का अवसर मिला। मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज इस गजरथ में चल रहे थे। इस दौरान पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में इन्द्र और इन्द्रानियां भी इस चल समारोह में शामिल हुईं। एक तरफ पुरूष वर्ग तो दूसरी ओर महिला वर्ग चल रहा था। मुंगावली का वीर सेवा दल का बैण्ड भी दिव्य घोष करते हुए नजर आयज्ञ। इस दौरान महिलाएं और पुरूष इस चल समारोह मे नांचते गाते हुए देखे गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रतिष्ठा चार्य विनय भैया के निर्देशन और मार्गदर्शन में पूरा हुआ। आज से प्रतिष्ठित हुई प्रतिमाएं मंदिरों में स्थापित होगीं। बाहर के नगरों से इस आयोजन में प्रतिमाएं प्रतिष्ठा के लिए लाई गई थीं उन प्रतिमाओं को भी भक्ति भाव से संबंधित जिनालयों में स्थापित किया जाएगा।

## दरगाह क्षेत्र में रंग-रोगन कार्य जारी, तरह-तरह के झूले रहेंगे आकर्षण


# 112वें सालाना उर्स की तैयारियां हुई तेज, हजारों जायरीन आएंगे

### कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है एक दिन का स्थानीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर आगामी मार्च माह में लगने जा रहे 112वें सालाना उर्स के लिए दरगाह कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरगाह परिसर पर जहां पुताई एवं रंग-रौगन का कार्य प्रगतिरत है वहीं सेवादारों द्वारा उर्स क्षेत्र में बोल्डर, पत्थरों को भी हटाते हुए समतलीकरण का कार्य किया जाने लगा है।

आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च से गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी। हर साल की तरह इस साल भी उर्स में बच्चों, बड़ों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले, सर्कस सहित अन्य साधन आएंगे। वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय उर्स में आने वाले आमजनों की सुविधा के लिए दरगाह कमेटी द्वारा कई तरह के इंतेजाम किए जा रहे हैं। उर्स की व्यवस्थाओं, इंतेजामों की कड़ी में कमेटी सदर मोहम्मद शफीक गामा, मुत्तवल्ली मीर मुश्ताक अली रिजवी द्वारा दरगाह के अंदरूनी हिस्से में फातिहा पढ़ते हुए कूची चलाकर पुताई की रस्म अदायगी की गई। इस दौरान कमेटी सदर अशरफ गौरी, अकीब खान सहित अन्य मौजूद रहे। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि दरगाह परिसर को आकर्षक स्वरूप देने पुताई सहित रंग-रौगन कार्य तेजी से किया जा रहा है।



#### कलेक्टर घोषित कर चुके हैं 12 मार्च का स्थानीय अवकाश

आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय पर लगने वाले इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों, राजस्थान, भोपाल व पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में जायरीन आते हैं। इस उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा भी आगामी 12 मार्च के लिए संपूर्ण राजगढ़ जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

#### आमजनों की मांग, कम हो झूलों आदि का किराया

बाबा की दरगाह पर लगने वाले इस उर्स में प्रतिवर्ष हजारों लोग सामानों की खरीदी, मनोरंजन के साधनों का लुत्फ लेने यहां आया करते हैं। गत वर्ष आयोजित मेले में सभी तरह के झूलों का किराया लगभग 50 रुपए रखा गया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस साल किराया दर में और ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में आमजनों ने दरगाह कमेटी पदाधिकारियों से मांग रखी है कि झूलों सहित मनोरंजन के अन्य सभी साधनों के किराए में वृद्धि न की जाए ताकि हर तबके के लोग एवं बच्चे उर्स का लुत्फ उठा सकें।

#### सुरक्षा, टैफिक व्यवस्था के इंतजाम होने लगे

उर्स में आने वाले हजारों लोगों की सुरक्षा के मद्धेनजर पुलिस प्रशासन ने भी शुरूआती तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल उर्स क्षेत्र में अलग से एक अस्थाई पुलिस चैकी भी बनाई जाती है जिसमें चैबीसों घंटे कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाता है।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश ताकि सारगर्भित लिखें

# बोर्ड परीक्षाएंः प्रश्न-पत्र हल करने नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो दिन बाद 10 फरवरी से आरंभ होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी विषय का प्रश्न-पत्र हल करने के लिए दूसरी उत्तर-पुस्तिका (सप्लीमेंट्री कॉपी) नहीं मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर प्रत्येक परीक्षार्थी को 32 पेज की एक ही कॉपी पूरा पर्चा हल करने के लिए दी जाएगी।

दरअसल, अनेकों विद्यार्थी पर्चा हल करते समय विषय और लीक से हटकर बढ़ा-चढ़ाकर अपना उत्तर लिखते हैं, जिसका मूल प्रश्न से कहीं से कहीं तक कोई संबंध नहीं होता। ऐसे में परीक्षार्थी सारगर्भित और विषय संगत ही उत्तर दें, इसके लिए माशिमं ने उक्त निर्देश प्रसारित किए हैं। मंडल द्वारा गत वर्ष की परीक्षाओं में भी यह प्रयोग किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा था। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में परसों 6 फरवरी को जिले में बनाए गए प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए हुए परीक्षा सामग्री वितरण में परीक्षार्थियों की संख्या के मान से संबंधित केंद्रों के प्रभारियों को उत्तर-पुस्तिकाएं हैंडओवर की गई हैं।

#### परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण लाउडस्पीकरों पर भी प्रतिबंध

प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। नकल प्रकरणों को रोकने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं जो परीक्षा अवधि के दौरान सतत रूप से संवेदनशील, अति-संवेदनशील सहित सभी 63 केंद्रों का अनवरत भ्रमण, निरीक्षण करते रहेंगे। उधर, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने परीक्षाओं के दृष्टिगत संपूर्ण राजगढ़ जिले की सीमा में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

## पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

सारंगपुर। नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर मंदिर परिसर में पाटीदार समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कुल 37 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। आयोजन में समाजजनों का उत्साह और सहयोग विशेष रूप से देखने को मिला, जिसके चलते कार्यक्रम विशाल एवं सफल रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं सम्मेलन अध्यक्ष मोहनलाल रावत उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह संपन्न कराने का अवसर प्रदान करते हैं। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था और विवाह समारोह के दौरान पारंपरिक रस्मों का विधिवत पालन किया गया। अंत में सभी नवदंपतियों को समाज की ओर से आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन की सफलता पर समाजजनों ने संतोष व्यक्त करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम चौपालः 'बचपन' अपने से कर रहा 'बदलाव' की शुरुआत

### कुरीतियां मिटाने तंवरवाड़ क्षेत्र के कई गांवों में चलाया जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के कई समाजों में व्याप्त नातरा-झगड़ा सहित अन्य कुरीतियों, भेदभाव और नशे आदि के खिलाफ अब बच्चे और युवा केवल सवाल नहीं उठा रहे, बल्कि स्वयं बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच एक नई सोच, नई चेतना और नई दिशा उभरकर सामने आ रही है। युवाओं का साफ कहना है कि "यदि समाज को बदलना है, तो बदलाव की शुरुआत हमें खुद से करनी होगी।" इसी कड़ी में बीते दो दिनों में कालीपीठ क्षेत्र के करीब 20 से अधिक गांवों में अलग-अलग युवाओं की टोलियों, बच्चों के साथ चैपालों के माध्यम से संवाद किया जा रहा है। रहेगी। इन चैपालों एवं बैठकों में बच्चे व युवा न केवल अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी सहमति उनके द्वारा जताई जा रही है। कल शनिवार को सांडाहेडी, महाबल, आंबा, लावाबे, कालीपीठ, हीरानखेड़ा, भीयापुरा, टांडी कलां आदि गांवो में आयोजित चैपाल में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और खुलकर अपने विचार रखे।

#### बच्चों को उनकी भाषा में समझा रहे संवैधानिक महत्व

अहिंसा टीम के पीस वॉलेंटियर युवाओं द्वारा आयोजित बैठकों के दौरान महाबल, सांडाहेड़ी गांव में युवाओं को संवैधानिक मूल्यों जैसे न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को उनकी ही समझने वाली भाषा में कुरीतियों के संबंध में अवगत कराया गया। युवाओं का कहना था कि जब तक संविधान को सही मायने में नहीं समझा जाएगा, तब तक एक बेहतर और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना संभव नहीं है। चैपाल में उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में कहा कि यदि सभी युवा संगठित होकर ईमानदारी से कार्य करें, तो न केवल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र को शिक्षित और कुरीतियों से मुक्त बनाया जा सकता है। जारी रहेंगे।

## उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि होगी देय

# नरवाई जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित आग लगाना होगा दंडनीय अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उपसंचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास राजगढ़ द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है की वर्तमान में गेहूं की अधिकांशतः फसल कटाई हारवेस्टर द्वारा की जाती है। कम्बाईन हारवेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओ में तेजी से वृद्धि हुई है। नरवाई जलाने के कारण वायु प्रदुषण एवं आगजनी की घटनाओ से आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है साथ ही खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जनधन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु आदि नष्ट हो जाते है जिससे व्यापक नुकसान होता है एवं भूमि की उर्वराशक्ति कम होती है।

**राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश का करना होगा पालन -**

म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेशन क्रमांक एफ।12-37/2017/18-5 /15.05.2017 के अनुपालन में फसल काटने के उपरांत उसके अवशेषों को जलाने से रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये सम्पूर्ण जिला राजगढ़ राजस्व सीमाक्षेत्र हेतु निम्नानुसार आदेश पारित किया जाता है-



1. राजगढ़ जिला अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेषों को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।

2. हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करेंगे एवं खेत पर ही फसल अवशेषों का भूसा बनाकर निपटान करेंगे । यदि राजगढ़ जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हारवेस्टर मशीन संचालको द्वारा हारवेस्टर में स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम नहीं लगाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

3. बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगी हारवेस्टर मशीन से फसल कटाई कराने पर स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा भूमि मालिक एवं हारवेस्टर मशीन संचालक दोनों पर अलग-अलग राशि 5000 रुपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

4. . हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन का प्रकार, मशीन ध्वाहन नं.. स्वामी का नाम, संपर्क नं., कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज करायेंगे। इस हेतु थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

5. पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेसन क्रमांक एफ/12-37द2017द18-5 / 15.05.2017 द्वारा नरवाई में आग लगाना दंडनीय होगा एवं उल्लंघन पर निम्नानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी।

(1). ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से कम है- 2500रु. प्रति घटना

ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से अधिक व 5 एकड से कम है

## पुलिस ने की कार्रवाई

# सूने मकानों में चोरी का प्रयास करने वाले 2 शातिर गिरफ्तार

सारंगपुर । सारंगपुर पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी भी बरामद की है।



पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि कस्बा सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित जैन मंदिर के पास तथा छोटा चैक गली में अज्ञात चोरों द्वारा सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है। फरियादी हरीश राठौर और अन्य ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5-6 फरवरी की दरम्यानी रात उनके सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। मामले में थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 88द26 एवं 92द26 धारा 331(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की। संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने चोरी का प्रयास करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौड़ी बरामद की गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी आरिफ उर्फ बड़े अब्बा, पिता मोहम्मद हनीफ खान, उम्र 30 वर्ष, निवासी बारीखेल, सारंगपुर तथा दूसरा आरोपी पारस भिलाला, पिता बनेसिंह भिलाला, उम्र 30 वर्ष, निवासी नगरपालिका के पीछे, सारंगपुर।आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे की हथौड़ी जप्त की।

## जिला राजगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन की जिला बैठक संपन्न

ब्यावरा। जिला वालीबॉल एसोसिएशन की ब्यावरा में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुए। जिसमें मध्यप्रदेश एम्योचोर वालीबॉल एसोसिएशन के नवनियुक्त उज्जैन जोनल सेक्रेटरी अतुल जगताप व संक्षरक इंजी.बीके गुप्ता अध्यक्षता में हुई ,आज की इस जिला बैठक तथा निर्वाचन में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से डॉ.राकेश पाण्डे राजगढ़ को जिला अध्यक्ष पद पर चयनित किया गया एवं जिला सचिव पद पर राम भील को इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा नवीन पदाधिकारियों को अपनी बधाइयां दी। साथ हीआगामी योजनाओं के साथ एसोसिएशन तथा वॉलीबॉल खिलाड़ियों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में जिले से वॉलीबाल में राज्य स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से विशेष सम्मान प्रदान करने की बात कही गई। इस बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक इंजी.बी के गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष महंत दीपेन्द्र दास, मोहम्मद सैफी सुशील शर्मा,प्रणपाल सिंह खिंची, दिनेश पारिक , फिरोज लोदी रविंद सिंह राजपूत, यश जगताप, आदित्य रायकवार, अजय बड़ोनिया, अभिषेक दांगी, अमित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस पर श्रमदान व जैविक खेती पर बौद्धिक सत्र आयोजित




सारंगपुर। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस दौरान आंगनवाड़ी व पंचायत निर्माण कार्य में सहयोग करते हुए रास्तों की सफाई, मिट्टी भराव और ईंट ढोने जैसे कार्य किए। द्वितीय सत्र में जैविक खेती विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सतीश बैस एवं कृषि विभाग के विकास खंड तकनीकी प्रबंधक मयंक जैन ने जैविक खेती के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य ममता खोइया, पवन सिंह बेस सहित अन्य उपस्थित रहे।



## भर्ती कैंप में जांची युवाओं की कद-काठी, 11 चयनित

### अगला कैंप कल नरसिंहगढ़ जनपद में होगा आयोजित



राजगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिष, नई दिल्ली के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा जिले की सभी जनपदों में भर्ती कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन के ब्यावरा स्थित भवन में शनिवार को कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 35 युवाओं ने भाग लिया जिनकी शारीरिक दक्षता, कद-काठी, योग्यता आदि के आधार पर 11 युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर हुआ है। भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगला कैंप 09 फरवरी को नरसिंहगढ़ जनपद में आयोजित किया जाएगा। कल चयनित हुए 11 युवाओं को जयपुर में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, ताजमहल, ग्वालियर किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि स्थानों एवं कार्यालयों में इन युवाओं को संतोषप्रद तनख्वाह पर रखा जाएगा। इसके साथ ही सभी चयनितों को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

#### जिन्हें भाग लेना हैं वे यहां संपर्क करें

कैंपों में शामिल होने के इच्छुक बेरोजगार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 90798-50906 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त पदों हेतु कक्षा 10वीं उत्तीर्ण, आयु 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर हो, वे युवा इसमें शामिल हो सकते हैं।

## मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों को विकास की सौगात दी

# 3 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





#### भाजपा सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर जेपला सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास को गति देते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने विधानसभा की 6 ग्राम पंचायतों में लगभग 3 करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

#### विकास कार्य जनहितैषी

इस अवसर पर भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत जेपला के सरपंच सुमेर सिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री पंवार ने उन्हें भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की नीतियों और सुशासन पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। अंत में मंत्री पंवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण अधोसंरचना सुदृढ़ होगी, आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी , अमित शर्मा इंजीनियर आशीष लोवानिया सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

#### यहां होगें लाखों के विकास कार्य

1.ग्राम पंचायत शाहपुरा में लगभग 27 लाख,
2.ग्राम पंचायत कचनारिया में लगभग 47 लाख,
3.ग्राम पंचायत जेपला में लगभग 49 लाख 29 हजार,
4.ग्राम पंचायत निवानिया में लगभग 1 करोड़ 2 लाख,
5.ग्राम पंचायत मोया में लगभग 62 लाख 50 हजार,
6.ग्राम पंचायत जामोनिया घाटा में लगभग 77 लाख 50 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि विकास की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके।